हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 18 मार्च 2026

06 एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं त्वरित...




07 दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश बाइक सवार से लूटकर ले गए रुपयों से भरा...





# धूमेश्वर धाम से शुरू हुई पद यात्रा का गुना में हुआ अभिनंदन

**पत्रकार वार्ता में बोले अनिरुद्ध वन महाराज सनातन को कोई खतरा नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महाण्डलेश्वर स्वामी अनिरुद्ध वन महाराज के नेतृत्व में विगत 12 मार्च को धूमेश्वर धाम से शुरू हुई पद यात्रा का मंगलवार को नगर में आगमन हुआ। इस दौरान रास्ते भर यात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा उमंग और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। राष्ट्रवाद, विश्व शांति और जन कल्याण के संदेश के साथ निकाली जा रही उक्त पद यात्रा दोपहर में नानाखेड़ी से होते हुए हनुमान चौराहा पहुंची। जहां यात्रा का अनेक श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह के साथ स्वागत कर महा मंडलेश्वर अनिरुद्ध वन महाराज सेआशीर्वाद लिया। इसके बाद उक्त पद यात्रा एबी रोड से जयस्तंभ चौराहे होते हुए स्थानीय मानस भवन पहुंची। इसके पूर्व महा मंडलेश्वर सहित यात्रा में चल रहे अन्य सभी साधु संतों ने स्थानीय पुराने आर टीओ परिसर में स्थित मंदिर में पहुंचकर भगवान पशुपति नाथ की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। इस दौरान अनेक लोगों द्वारा इन सभी का स्वागत करते हुए सम्मान किया गया। इसके बाद सभी संत महात्मा मानस भवन पहुंचे। यहां पर इस पूरे कार्यक्रम के दौरान और शहर में यात्रा के प्रवेश से लेकर मानस भवन तक भुजरिया तालाब के महंत राघवेंद्र दास जी महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे।जहां मीडिया से रूबरू होते हुए महा मंडलेश्वर अनिरुद्ध वन महाराज ने यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा राष्ट्रवाद, विश्व शांति और जन कल्याण का संदेश जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। है। यह यात्रा 460 किलो मीटर की है। यह यात्रा ब्यावरा होते हुए आगामी 24 मार्च को उज्जैन पहुंचेगी। जहां पहुंचकर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना और भस्म आरती करते हुए विश्व शांति और जन कल्याण की कामना की जाएगी। उन्होंने सनातन के सवाल पर कहा कि सनातन को कोई खतरा नहीं है ना हम कहीं बटने वाले हैं यह सब राजनीतिक जुमले हैं हम एक थे और एक रहेंगे और सनातन तो हमेशा से रहा है और रहेगा।





इस मौके पर उन्होंने जिले के प्राचीन केदारनाथ मंदिर के कपाट खोलने के प्रश्न पर भी संज्ञान लेकर उच्च स्तर पर प्रयास करने की बातकहीं। मानस भवन में इस दौरान नर्मदा शंकर भार्गव, आनंद भार्गव, आनंद व्यास सहितअनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### आज विभिन्न क्षेत्रों की बिजली रहेगी गुल

गुना । सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुना शहर 11 केव्ही भुल्लनपुरा एवं टेकरी पर मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 18 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक विधार्थीनगर, विध्यांचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बी.जी. रोड़, आदिशनगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्पणी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, भुल्लनपुरा वाला क्षेत्र,हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड़, बूढे बालाजी आदि क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### "मेहनत की चाबी से खोला सफलता का दरवाज़ा – रेलवे में चयनित ग्रामीण युवा"

गुना। ग्रामीण क्षेत्र के दो युवाओं ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। अजय कुमार साहू, ग्राम गहोरा तहसील ईसागढ़, जिला अशोकनगर के निवासी, एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता जमुनालाल साहू एक छोटे किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अजय ने कभी अपने सपनों को छोटा नहीं होने दिया। उन्होंने शासकीय आईटीआई गुना से फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण लिया और लगातार मेहनत करते हुए आज रेलवे के बिलासपुर जोन में सहायक लोको पायलट के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया। वहीं दूसरी ओर, राधे मोहन धाकड़, ग्राम बालाभेंट तहसील राघौगढ़, जिला गुना के निवासी, भी एक सामान्य परिवार से हैं। उनके पिता ध्रुव सिंह धाकड़ छोटे किसान हैं और उनकी माता आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए भोजन बनाती हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच राधे मोहन ने भी हार नहीं मानी। उन्होंने शासकीय आईटीआई गुना से फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपनी लगन और समर्पण के बल पर रेलवे के बिलासपुर जोन में सहायक लोको पायलट के पद पर चयनित होकर एक मिसाल कायम की।



### गैस किल्लतः कलेक्टोरेट गैस टंकी लेकर पहुंचा उपभोक्ता




गुना । शहर में गैस सिलेंडर वितरण को लेकर अव्यवस्था सामने आई है। हनुमान कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार यादव गैस सिलेंडर की खाली टंकी लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गए और जनसुनवाई में अपनी परेशानी बताई। उन्होंने आरोप लगाया कि आठ दिन पहले गैस सिलेंडर बुक करने के बावजूद अब तक डिलीवरी नहीं मिली, जबकि एजेंसी पर ब्लैक में ऊंचे दामों पर सिलेंडर बेचे जा रहे हैं। इस दौरान प्रशासन ने जनसुनवाई में ही गैस की टंकी उपलबध कराई। दिनेश यादव ने बताया कि उन्होंने समय पर बुकिंग कराई थी और कन्फर्मेशन नंबर भी मिल गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया। एजेंसी पर जाने पर उन्हें पांच दिन बाद आने को कहा गया। उन्होंने कहा कि मैं आठ दिन से परेशान हूं, काम पर जाऊं या गैस के लिए भटकूं। घर में गैस खत्म हो चुकी है और परिवार को चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग दो-दो हजार रुपए में सिलेंडर ब्लैक में खरीद रहे हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं को टाल दिया जा रहा है। उपभोक्ता ने दावा किया कि गोदाम में पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से उम्मीद जताई कि जनसुनवाई के माध्यम से उन्हें जल्द भरा हुआ सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। इस मामले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि सर्वर में तकनीकी समस्या के कारण डिलीवरी में देरी हुई है। संबंधित उपभोक्ता का बुकिंग नंबर क्लियर हो चुका है और एजेंसी संचालक को तत्काल सिलेंडर देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और ब्लैक में बिक्री का कोई मामला सामने नहीं आया है, हालांकि शिकायत मिलने पर नियमित जांच और कार्रवाई की जा रही है।

## सरेराह महिला के गले से सोने की चैन झपटकर भाग गए बदमाश

# वीआईपी इलाके में भी सुरक्षित नहीं हैं महिलाएं, सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले वीआईपी क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुई चैन लूट की वारदात ने कानून-व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। कलेक्टर, एसपी और जज के बंगलों से चंद कदम की दूरी पर बदमाशों ने जिस बेखौफ अंदाज में वारदात को अंजाम दिया, उसने पुलिस गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है। कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऑफिसर्स कॉलोनी रोड पर सुबह करीब 6:30 बजे लूसन बगीचा निवासी सीमा यादव रोजाना की तरह टहलने निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और उनके गले से सोने की चैन झपट ली। महिला ने साहस दिखाते हुए विरोध किया, लेकिन बदमाशों ने चाकू दिखाकर उन्हें डराया और मौके से फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एक आरोपी बाइक स्टार्ट करने में बड़ी देर तक जूझता रहा, इसके बावजूद आसपास कहीं पुलिस की मौजूदगी नजर नहीं आई। यह सवाल खड़ा करता है कि आखिर इतने संवेदनशील और वीआईपी इलाके में भी पुलिस गश्त क्यों नदारद थी? घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में यह हाल है, तो आम क्षेत्रों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस केवल कागजों में गश्त दिखा रही है, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।





### आक्रोशित जनता के सवाल

दिन में गश्त नहीं होगी तो अपराध कैसे रुकेंगे,क्या पुलिस सिर्फ रात की औपचारिक गश्त तक सीमित है?वीआईपी इलाके में यह हाल है, तो आम इलाकों की सुरक्षा कौन देखेगा।लोगों का कहना है कि अगर पुलिस दिन में भी सक्रिय गश्त शुरू करे, तो ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। फिलहाल जरूरत है कि पुलिस महकमा अपनी कार्यप्रणाली पर पुनर्विचार करे और जमीनी स्तर पर गश्त को प्रभावी बनाए, वरना अपराधियों के हौसले यूं ही बुलंद होते रहेंगे।

### चाकू दिखाकर धमकाया

महिला के परिजन ने बताया कि विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू दिखाकर धमकाया, जिससे साफ है कि अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं बचा है। यह घटना न सिर्फ एक लूट है, बल्कि कानून व्यवस्था पर सीधा सवाल है। फिलहाल कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या सिर्फ फुटेज देखने से अपराध रुकेंगे? या फिर पुलिस को अपनी गश्त व्यवस्था और तंत्र को जमीन पर मजबूत करना होगा?

### वीआईपी क्षेत्र में ही सुरक्षा नाकाम,, तो बाकी शहर कैसे सुरक्षित?

क्या पुलिस गश्त सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है?अपराधियों में आखिर किसका डर खत्म हो चुका है?यह घटना साफ संकेत है कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसे बेखौफ अपराध शहर की शांति और आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं।शहर में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच अब यह सवाल खुलकर सामने आ रहा है कि आखिर दिन में पुलिस गश्त होती भी है या नहीं? वीआईपी इलाके में सुबह-सुबह हुई चैन लूट की वारदात ने इस हकीकत को उजागर कर दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रही है। जिस इलाके में कलेक्टर, एसपी और न्यायिक अधिकारियों के निवास हैं, वहीं अगर अपराधी आसानी से लूट कर फरार हो जाएं, तो यह सीधा संकेत है कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।

मोटर साइकिल चोरी के मामले में कैंट थाना पुलिस की सक्रिय एवं प्रभावी कार्यवाही

# मात्र 3 दिवस में ही आरोपी को गिरफ्तार कर, चोरी गई मोटर साइकिल की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन मे गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा सक्रियता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर सायकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 13 मार्च 2026 को फरियादी योगेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह खींची निवासी पीएम आवास कालोनी कैंट के द्वारा अपनी बजाज पल्सर मोटर सायकिल क्रमांक MP08 ZA 9642 के दिनांक 10-11 मार्च 2026 की मध्यरात्रि में अपने घर के बाहर से चोरी होने की रिपोर्ट कैंट थाने पर दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 159/26 धारा 303(2), इजाफा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई । मोटर साइकिल चोरी के उक्त प्रकरण में कैंट थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी पहचान हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों का विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी के सघन प्रयास किये गये । प्रकरण में पुलिस के सतत सूचना संकलन एवं प्रभावी तकनीकी विश्लेषण के परिणाम स्वरूप गत दिनांक 16 मार्च 2026 को मुखबिर सूचना पर कैंट थाना पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी सतपाल उर्फ नारायण पुत्र धनपाल पारदी उम्र 19 साल निवासी हड्डीमील थाना कोतवाली गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिसके कब्जे से प्रकरण में चोरी हुई बजाज पल्सर मोटर साइकिल बरामद की गई । कैंट थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक लखन किरार, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार एवं आरक्षक मयंक गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।



# बीसभुजा देवी मंदिर में 19 से 27 तक धूमधाम से मनाया जाएगा बसंत नवरात्रि



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बीसभुजा देवी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत नवरात्रि पर्व पूरे श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

### प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर शकिशोर कुमार कन्याल द्वारा विभिन्न विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेयजल और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के सहयोग से पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। वहीं नगरपालिका परिषद गुना द्वारा पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में निरंतर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### सड़क, मंदिर और बिजली व्यवस्था सुदृढ़

लोक निर्माण विभाग द्वारा मंदिर की रंगाई-पुताई एवं पहुंच मार्ग की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### यातायात और पार्किंग की व्यवस्था

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा स्थानीय समिति के सहयोग से श्रद्धालुओं के वाहनों के सुचारु संचालन और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी।प्रशासन का उद्देश्य है कि नवरात्रि के दौरान आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण में दर्शन का लाभ मिल सके।

## हनुमान चौराहे पर बड़ा हादसा टला

# ट्रक एक्टिवा पर चढ़ा, युवक की सतर्कता से बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के व्यस्ततम हनुमान चौराहा पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे खड़ी एक्टिवा को चपेट में लेते हुए उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### युवक की बहादुरी से बची जान

घटना के दौरान मौके पर मौजूद कृष्णा कुशवाह ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत शोर मचाकर ट्रक को रुकवाया। इसके बाद उन्होंने ट्रक के नीचे फंसे एक्टिवा चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।



### गंभीर हादसा टला, वाहन हुआ क्षतिग्रस्त

गनीमत रही कि ट्रक की रफ्तार धीमी थी, जिससे चालक को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चौराहे पर भारी वाहनों के आवागमन को लेकर नाराजगी जताई और प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

### रवि अग्रवाल मौत मामलाः चश्मदीदों के खुलासे से पलटी जांच

गुना। बमोरी स्वास्थ्य केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटर रवि अग्रवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में एक बड़ा मोड़ आया है। अब तक जिसे महज एक संदिग्ध हादसा माना जा रहा था, वह चश्मदीदों के बयान के बाद हिट एंड रन का मामला निकला है। कैंट थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात अर्टिगा कार चालक के खिलाफ धारा 106(1) **BNS** के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।जांच अधिकारी अरुन्धति राजावत ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान मृतक की पत्नी मधु अग्रवाल ने दो चश्मदीद गवाहों के बारे में जानकारी दी थी। गवाह अभिषेक किरार ने पुलिस को बताया कि 30 जनवरी की रात करीब 8 बजे नेगमा रोड पर एक सफेद रंग की अर्टिगा कार (**MP**07**AH**6783) ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए रवि की मोटरसाइकिल को कट मारा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रवि सड़क किनारे नीचे जा गिरे। हेलमेट पहने होने के कारण गवाहों को लगा कि चोट कम आई होगी और वे जल्दी में होने के कारण रुके नहीं। बाद में जब मृतक की पत्नी उनके गांव पहुंची, तब उन्हें असलियत का पता चला।

## जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

# आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित 183 आवेदन किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 183 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है।

इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने रेडक्रॉस के माध्यम से दी 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद नागरिक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदक श्री सुनील अहिरवार निवासी श्रीराम कॉलोनी गुना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर स्वयं का रोजगार स्थापित किये जाने के आर्थिक सहायता की मांग की गयी थी। आवेदक की परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 10 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।



## समाचार संक्षेप

### बीनागंज में इलेक्ट्रॉनिक वाहन शोरूम का शुभारंभ एसडीएम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**चाचौड़ा/बीनागंज।** बीनागंज-चाचौड़ा रोड पर श्रीमंत जेएमडी एंटरप्राइजेज के इलेक्ट्रॉनिक वाहन शोरूम का भव्य शुभारंभ एसडीएम चाचौड़ा श्री रवि मालवीय द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कर्मचारी, अधिकारी, पंच-सरपंच,



गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर एसडीएम रवि मालवीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक ऊर्जा स्रोत जैसे तेल, कोयला और गैस के भंडार लगातार समाप्त हो रहे हैं, साथ ही इनके आयात पर विदेशी मुद्रा का भारी व्यय होता है, जो देश के विकास में बाधा बनता है।उन्होंने यह भी कहा कि कम स्पीड वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से पेट्रोल की बचत होती है तथा हर साल बीमा कराने की झंझट से भी मुक्ति मिलती है। अब तक क्षेत्र के लोगों को वाहन खरीदने के लिए ब्यावरा या गुना जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा चाचौड़ा-बीनागंज में ही उपलब्ध हो जाएगी।कार्यक्रम के अंत में शोरूम संचालक एवं पार्टनर राहुल सेन ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### जुमन इस्लाम कमेटी मुस्लिम समाज राघौगढ़ द्वारा कराया सार्वजनिक रोजा अफ़तार



**राघोगढ़।** पवित्र माह-ए-रमज़ान के अवसर पर ईदगाह मस्जिद परिसर राघौगढ़ में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक रोज़ा अफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के सभी समाज और वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयवर्धन सिंह (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राघोगढ़) रहे। उन्होंने सभी को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमज़ान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं।यह सार्वजनिक रोज़ा अफ़्तार कार्यक्रम सदर(अध्यक्ष) ताहिर खान एवं उनकी कमेटी अंजुमन इस्लाम कमेटी मुस्लिम समाज राघौगढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने एक साथ रोज़ा अफ़्तार कर देश में अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआ की।ताहिर खान सदर (अध्यक्ष)मुस्लिम समाज राघौगढ़ ने सभी रोजा अफतार में पधारे हुए सभी वर्गों समाजों के पधारे हुए समाज जन का आभार व्यक्त किया।

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में 17 मार्च 2026 (मंगलवार) को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन पुलिस अधीक्षकअंकित सोनी के समक्ष प्रस्तुत किए । श्री सोनी ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए ।




पुलिस अधीक्षक सोनी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है । जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय, राहत एवं विश्वास प्रदान करना है, ताकि पुलिस एवं जनता के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ हो सकें ।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक प्रकरण का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए । साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग की जाए, जिससे आमजन को समय पर राहत मिल सके और पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, लंबित विवेचनाएं तथा पुलिस कार्यवाही से संबंधित अनेक प्रकरण सामने आए । कुछ मामलों में पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए, वहीं अन्य मामलों में संबंधित थाना प्रभारी एवं अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दिकी, एसडीओपी गुनाविवेक अष्ठना, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, डीएसपी आनंद कुमार राय, केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी.आर्य, कुंभराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदौस तबस्सुम, कोतवाली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, आरोन थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गुना पुलिस द्वारा नियमित रूप से आयोजित की जा रही जनसुनवाई आम नागरिकों एवं पुलिस के मध्य विश्वास, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल साबित हो रही है ।

## अपहृता को ब्यावरा जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर, उसके अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रसना सिंह एवं उनकी टीम द्वारा नाबालिग किशोरी के अपहरण के प्रकरण में तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपहृता को ब्यावरा जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 16 फरवरी 2026 को राघौगढ़ थाने पर एक महिला फरियादिया द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के दिनांक 13-14 फरवरी 2026 की मध्यरात्रि से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से राघौगढ थाने में अपराध पंजीबद्ध कर किशोरी की तत्काल खोजबीन शुरू की गई एवं इसमें अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर अपहृता की पतारसी के भरसक प्रयास किए गए जिसके परिणाम स्वरुप अपहृता के ब्यावरा जिले में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम ब्यावरा के लिए रवाना हुई और पुलिस के लगातार और अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप दिनांक 14 मार्च 2026 को अपहृता को ब्यावरा रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया । दस्तयाबी के पश्चात पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि राकेश बंजारा निवासी ग्राम कालापीपल का उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और बिना उसकी मर्जी के उसके साथ गलत काम(दुष्कर्म) किया । इसके बाद पुलिस ने आरोपी राकेश बंजारा के विरुद्ध प्रकरण में धारा 64(2)(m) बीएनएस एवं 5(L)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया जाकर आरोपी की सरगर्मी से तलाश की गई एवं जिसकी तलाश में सतत सूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर विगत दिनांक 15 मार्च 2026 को आरोपी राकेश पुत्र फूल सिंह बंजारा उम्र 20 साल निवासी ग्राम कालापीपल थाना चाचौडा जिला गुना को भी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। राघौगढ़ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रसना सिंह, सउनि सीताराम धुर्वे, धर्मेन्द्र रावत, बलभद्र सिंह चौहान, हरवीर बागडी, आरक्षक जितेन्द्र मीणा, पपेन्द्र, महिला मोहिनी सैनी एवं सायबर सेल से कुलदीप यादव व भूपेन्द्र खटीक की विशेष भूमिका रही है ।

## परियोजना अधिकारी ने की पीएम स्वनिधि योजना एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

परियोजना अधिकारी गुना(डूडा) शसंजय श्रीवास्तव द्वारा नगर पालिका परिषद राघोगढ़ में दिनांक 17/03/2026 को पीएम स्वनिधि (प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि) तथा सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श तेज सिंह यादव की उपस्थिति में की गई। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी ने योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवंटित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। परियोजना अधिकारी ने बैंकों और संबंधित फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि पोर्टल पर लंबित आवेदनों का तत्काल सत्यापन कर उन्हें स्वीकृत और वितरण जाए। समीक्षा में सिटी मिशन मैनेजर जयंती मलिक, नगर पालिका के विभिन्न शाखा से संबंधित अन्य कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।



# रायल कॉलोनी में गीता स्वाध्याय संपन्न धर्म और कर्तव्य का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रायल कॉलोनी स्थित प्रीतम सिंह यादव के स्वनिवास पर गीता स्वाध्याय का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धर्म, कर्तव्य और जीवन मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।स्वाध्याय के दौरान पंडित रामकुमार तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह युद्ध कोई साधारण युद्ध नहीं, बल्कि धर्म युद्ध है। उन्होंने बताया कि भगवान ने अर्जुन से कहा कि यदि वह युद्ध नहीं करेगा तो लोग उसे कायर समझेंगे, इसलिए जय-पराजय, लाभ-हानि और सुख-दुःख को समान मानकर अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध में वीरगति प्राप्त होने पर स्वर्ग और विजय प्राप्त होने पर पृथ्वी का सुख मिलता है। जिसे पंडित ओमप्रकाश पाराशर ने संपन्न कराया। स्वाध्याय प्रेरणा गीत, गणेश-गौरी एवं गुरु वंदना रामसिंह रघुवंशी ने प्रस्तुत की। अंकित पाण्डेय ने मधुर स्वर में रामायण की चौपाइयों का गायन किया। सुभाषित में रामावतार गुप्ता ने भगवान राम की वंदना श्लोकों के माध्यम से की। अमृत वचन में हेमलता सक्सेना ने सत्संग की महत्ता बताते हुए कहा कि जैसे पानी की बूंद सही स्थान पर गिरकर मोती बन जाती है, वैसे ही मनुष्य को भी अच्छी संगत अपनानी चाहिए।प्रेरक प्रसंग में बलवीर सिंह यादव ने संस्कारों के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगति का असर व्यक्ति के स्वभाव पर पड़ता है। गीता भजन "जाने क्या जादू भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में" का भावपूर्ण गायन श्रीमती राखी भार्गव और श्रीमती हेमलता सक्सेना ने किया।इस अवसर पर बृजभूषण शर्मा, केशव बैरागी, महेन्द्र सोनी, एन. के. परिहार, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, प्राची यादव, संगीता यादव, भावना यादव, मथुरा बाई ओझा, रानी यादव, अशोक ओझा, बलवीर सिंह यादव, राधेश्याम शर्मा मुद्गल, सुधीर सक्सेना, उमाशंकर भार्गव, अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# तरावीह विशेष नमाज में कुरआन हुआ पूरा हाफिज को किया नजराना पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

कस्बे की जामा मस्जिद में सोमवार को 26वे रोजा अैर 27 बी शफ में हाफिज मुफ्ती मोहम्मद आमिर ने कुरआन पूरा किया।ओर कमेठी की ओर से चैधरी इशाक मोहम्मद , मुनव्वर खान राईन ओर अब्दुल रहमान खान ने हाफिज साहब को नजराना पेश किया ओर सभी लोगों को तबर्रुख प्रसाद तफ्तीश बितरण किया गया।



इस मौके पर जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने कहा कि रमजान का तीसरा ओर आखिरी असरा नर्क से मुक्ति का चल रहा है। इसमें रात में की जाने वाली विशेष नमाज के साथ विशेष पुण्य की इवादत की जा रही हे।साथ ही तिलावते कुरआन का पाठ किया जा रहा है। पहली दो चीजें जिन से तुम अपने रब को राजी करो,बह कलमा ए तैय्यबा ओर इस्तगफ़ार की कसरत है। जो शख्स किसी रोजदार को पानी पिलाए हक तआला कियामत के दिन मेरी हौज से उसको ऐसा पानी पिलाएंगे जिस के बाद जन्नत में दाखिल होने तक प्यास नहीं लगेगी। शबे कद्र की रात में लोग जाग कर इबादत करते हैं। अपने बुजुर्गों की कब्र गाह जा कर उनके मगफिरत की दुआ की गई।

**अल्लाह के दरवार में मांगी दुआ**

तरावीह के बाद जामा मस्जिद में अल्लाह से अमन ओर शांति की दुआ के लिए हाथ उठा कर दुआ मांगी। अमन चैन भाई चारा का माहौल बना रहे। फिरका परस्तों का खात्मा हो। मजबूर लाचार बे सहराओं की हिफाजत फरमा बेरोजगारों को हलाल रोजी रोटी का इंतजाम करदे।

चांद दिखने पर दूसरे दिन ईदगाह पर नमाज अदा की जाएगी।जिसका समय सभी के मशवरे से यह समय निर्धारित किया गया हे कि ईदगाह पर सुबह नो बजे नमाज के लिए जमात खड़ी हो जाएगी।

## नपा अध्यक्ष ने ली जलप्रदाय शाखा की बैठक, कहा-गर्मी से पहले सुधारें व्यवस्था



**अशोकनगर।** गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ ही शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कमर कस ली है। मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष ने कार्यशैली को लेकर सख्त निर्देश दिए।

### बेवजह खुदाई पर लगेगी रोक

बैठक के दौरान मनोरिया ने स्पष्ट लहजे में कहा कि शहर की सड़कों पर बिना वजह गडडे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर नगर भ्रमण करें और यदि कहीं भी रोड पर कोई गडडा नजर आए तो तुरंत संबंधित इंजीनियर को सूचित करें। उन्होंने जोर दिया कि फेरुल के नाम पर बेवजह खुदाई न की जाए, जिससे जनता को आवागमन में परेशानी न हो।

### लीकेज और दूषित पानी पर सख्त हिदायत

आगामी गर्मी को देखते हुए अध्यक्ष ने कहा कि पाइपलाइन में कहीं भी लीकेज नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लीकेज को तत्काल चिन्हित कर बंद किया जाए। जिन क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आने की शिकायत है, वहां तुरंत गडडा खोदकर फेरुल और पाइपलाइन की जांच की जाए। यदि पाइपलाइन कहीं से क्षतिग्रस्त है, तो उसे युद्धस्तर पर सुधारा जाए ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज एवं राजकुमार यादव (नगेश्री) विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान,सब इंजीनियर भानु कुशवाहा, शिवकुमार, आयुष वर्मा और गौरव ठाकुर सहित जलप्रदाय शाखा का स्टाफ मौजूद रहा।

# जिला अभियोजन संचालनालय द्वारा एक दिवसीय विधिक दक्षता संवर्धन कार्यशाला

**अशोकनगर।** विधिक दक्षता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला अशोकनगर किरण तुमराजी धुर्वे, कलेक्टर साकेत मालवीय, जेल अधीक्षक ललित दीक्षित, प्राचार्य/प्राध्यापक शासकीय विधि महाविद्यालय गरिमा राठौर तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्रसेना भिडे की उपस्थिति में माता सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा अपने विचार साझा करते हुये बताया गया कि समय के साथ ज्ञान पर धूल जम जाती है और उसे हटाने में दक्षता संवर्धन कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।इसी प्रकार की कार्यशालाएं अभियोजन अधिकारियों के ज्ञान और कार्य क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की ओर से पीडित वर्ग को न्याय दिलाना अभियोजन अधिकारियों/अभियोजकों का महत्वपूर्ण कार्य है। अभियोजन अधिकारियों/अभियोजकों को पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। शासकीय विधि महाविद्यालय की प्राचार्य/प्राध्यापक गरिमा राठौर द्वारा कार्यशाला को



संबोधित करते हुये वर्तमान समय में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध ऑनलाइन अपराधों की प्रकृति तथा उनके विभिन्न प्रकारों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये यह बताया गया कि साइबर अपराध संबंधी मामलों से बचाव के लिए समाज को सतर्क रहना जरूरी है। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) नरेन्द्र कुमार गोडिया द्वारा पोक्सो अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता/भारतीय न्याय संहिता तथा अन्य संबद्ध विधियों के अंतर्गत सीएसईएएम से संबंधित अपराधों के विधिक एवं साक्ष्यगत पहलुओं पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार एवं अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया।

### ईसागढ़ में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित

**ईसागढ़।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्टर-3 ढाकोनी आनंदपुर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-3 श्री सिद्ध बाबा सोधना प्रचार-प्रसार समिति, शंकरपुर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना तथा समितियों को सशक्त बनाकर उन्हें ग्राम विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां गांव के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जैविक खेती को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, पोषण वाटिका निर्माण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम बद्री प्रसाद चैहान के निर्देशानुसार एवं द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अशोकनगर (म.प्र.)**

Email : cmoashoknagar@mpurban.gov.in, Phone No.: 07543-222811

क्रमांक/राजस्व/2026/1618 // आम-सूचना // दिनांक 16/03/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की म.प्र. राजपत्र (असाधारण) मे प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक 522 दिनांक 29.12.2021 द्वारा जल उपभोक्ता प्रभार नियम 2020 के अधीन नगरपालिका परिषद अशोकनगर द्वारा जलप्रदाय व्यवस्थाओ के संचालन एव संधारण पर व्यय की पूर्ति हेतु परिषद संकल्प क्रमांक 03 दिनांक 02.03.2026 अंतर्गत प्रस्ताव पारित किया जाकर वित्तीय वर्ष 2026-27 (01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिये आवासीय नल कनैक्शनों की दरों को पूवार्नुसार रखते हुये मात्र पूर्णतया व्यावसायिक नल कनैक्शनों के जल उपभोक्ता प्रभार (जलकर) की मासिक दरों में 15 प्रतिशत की वृद्धि निकटतम 10 रुपये के पूर्णांक में लेते हुये की गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्रमांक | नल कनैक्शन का प्रकार | फेरूल का प्रकार | वर्तमान प्रचलित दर | वृद्धि उपरांत नवीन दरें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | घरेलू सिंगल टोंटी | 1/4 | 100 | 100 |
| 2 | घरेलू डबल टोंटी | 1/4 | 110 | 110 |
| 3 | घरेलू मीटर कनैक्शन | 1/4 | 120 | 120 |
| 4 | व्यावसायिक मीटर कनैक्शन | 1/4 | 130 | 130 |
| 5 | पूर्णतया व्यावसायिक कनैक्शन | 1/4 | 140 | 170 |
| 6 | पूर्णतया व्यावसायिक कनैक्शन | 1/2 | 180 | 210 |

अतः नगरीय क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता वित्तीय वर्ष के वर्तमान माह का उपभोक्ता प्रभार (जलकर) आगामी माह की 15 तारीख (अवकाश होने पर पूर्व कार्य दिवस मे) तक जमा करना सुनिश्चित करें इसके उपरांत अधिभार पूवार्नुसार 25 प्रतिशत यथावत देय होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका अशोकनगर

# जनसुनवाई में 153 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में 153 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पंहुचं जिन्हे कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा समक्ष में सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम चमराई निवासी नारायण सिंह अहिरवार द्वारा पट्टे की जमीन को कम्प्यूटर पर अमल करने वावत,ग्राम ऊमरी निवासी हरेन्द्र सिंह द्वारा फसल पंजीयन कराए जाने,ग्राम वायंगा निवासी शम्भू सिंह यादव द्वारा सीमांकन कराए जाने,ग्राम सहराई निवासी रतनबाई आदिवासी द्वारा पीएम आवास की किस्त निकलवाए जाने,अशोकनगर तायड़े कॉलोनी निवासी भुज्जो बाई द्वारा भूमि का परिमार्जन कराए जाने,ग्राम सेजी निवासी हरेन्द्र रघुवंशी द्वारा नकल दिलवाए जाने,ग्राम कुकरेठा निवासी कुश पुत्र मिठुआ द्वारा भू-पुस्तिका को अहस्तांतरित कराए जाने,वार्ड नंबर 8 ईसागढ़ निवासी परमानंद राम द्वारा पानी रूकवाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी पर मनाया अन्नप्राशन कार्यक्रम, पोषण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अन्नप्राशन (प्रथम अन्न ग्रहण) संस्कार शिशु के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, जो 6 माह की आयु पूर्ण होने पर आयोजित किया जाता है। यह संस्कार शिशु को दूध से ठोस आहार की ओर ले जाने का प्रतीक है और उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास की सही शुरुआत सुनिश्चित करता है।

इसी उद्देश्य के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को वार्ड क्रमांक 4 वार्ड नंबर 16 में अन्नप्राशन मंगल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों को समय पर ऊपरी आहार शुरू करने की आवश्यकता एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन के निर्देशन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों का आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन में सकारात्मक और जागरूकता का माहौल देखने को मिला।



### पोषण आहार की सजाई थाली

इस दौरान आंगन बाड़ियों पर शिशुओं के पोषण आहार की जानकारी एवं संपूर्ण आहार को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। और आकर्षक सजावट की गई। सुपरवाइजर दीप्ति शर्मा ने बताया कि 6 वर्ष के बच्चों के लिए हल्का आहार देना शुरू करना चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकाश होता जो जरूरी है इस बीच महिला को पोषण आहार सहित कुपोषण जैसी स्थिति कैसे निपटे इस के लिए जागरूक किया गया।

## खबर संक्षेप

### पानी टेंकरों का सही उपयोग करने के संबंध में निर्देश

**अशोकनगर।** जिला जल स्वच्छता समिति की आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया था कि ग्राम पंचायतों के लिए प्रदत्त टेंकरों का उपयोग उचित ढंग से किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों के लिए निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा उपलब्ध कराये गए पानी टेंकरों का उपयोग आपकी सक्षम अनुमति के बिना नहीं किया जाए। यदि किसी ग्राम पंचायत का टेंकर बिना सक्षम अनुमति के निजी कार्य में पाया जाता है तो उक्त ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव के विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाए तथा प्राप्त लाभ की वसूली हेतु म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 एवं सरपंच के विरूद्ध धारा 40 का प्रकरण दर्ज किया जाने हेतु प्रतिवेदन जिला पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### सरपंच एवं तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कर्र हाल ग्राम पंचायत तमाशा इमरान खान की संविदा सेवा समाप्त की गई। सरपंच ग्राम पंचायत कर्र, जनपद पंचायत मुंगावली जम्बुल निशा खान के विरूद्ध धारा 40 के तहत पद से पृथक किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली को पत्र लिखा गया है।

### लायंस हेल्पिंग हैंड ने मासिक बैठक के साथ रखा विदाई समारोह




**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन कि अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम की रही पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा। कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा आने वाले महीने में होने वाली सेवा कार्यों के बारे में चर्चा की। साथ ही पूर्वाध्यक्ष लायन फिरोज़ सुल्ताना के लिए विदाई समारोह का आयोजन भी किया। समारोह में वैशाली सलूजा ने बताया कि पूर्वाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में बहुत से शानदार कार्यक्रम आयोजित किए साथ ही क्लब को बहुत से अवाड्र्स भी दिलवाए। सदस्यों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य एवं खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में लायन सुनीता जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष लायन रीना मनोज शर्मा ,लायन कविता साहू, प्रथम उपाध्यक्ष लायन किरण कुशवाह क्लब पीआरओ प्रियंका मेहता ,संतोष चंदेल, मिथलेश यादव, चंद्रेश यादव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**पिपरई।** भारतीय किसान संघ पिपरई के द्वारा अशोकनगर कलेक्टर के नाम पिपरई तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि फार्म आई डी में जो भी खसरा नं. पटवारी द्वारा जोडे जा रहे है। उनकी रिक्योस्ट न तो पटवारी को पता है और न ही तहसीलदार को पता है ओर न ही एस डी एम को पता है। रिक्योस्ट कहां जा रही है। इसका पता लगाकर बताया जावे। किसानो को टोकन द्वारा जो खाद्य वितरण किया जा रहा है। उसमें सबसे बडी समस्या आ रही है। जो ई टोकन बुक बक्त किसानो का एक खसरा एवं एक नंबर ही दिखता है। जिससे किसानो को केवल एक या आधी बोरी खाद्य मिलता है। जिससे किसान अपनी फसल कैसे बोयेगा। उपाजन केन्द्र पर किसान अपनी फसल लेकर जाता है। फसल तुलने के बाद मुंशी व ऑपरेटर द्वारा उनको प्राप्ती नहीं दी जाती है।

---

#### शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी

# दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश बाइक सवार से लूटकर ले गए रुपयों से भरा बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






स्थानीय विजयाराजे सिंधिया चैराहे के समीप 3 अज्ञात बदमाश एक बाईक से आए और बैंक से रूपए निकालकर बैग में रखने वाले रणवीर सिंह पुत्र भगवान सिंह रघुवंशी निवासी गुना का बैग छीन ले गए। लूट की यह घटना शहर में दिन दहाड़े हुई है इस घटना के बाद पुलिस मार्ग पर आने जाने वाहनों से पूछ ताछ कर रही है तथा यह भी तलाशा जा रहा है कि यह आरोपी किस ओर भागे हैं। जिसके के लिए शहर के चैराहों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला जा रहा है।

इस घटना के बारे में रणवीर सिंह का कहना है कि उनके द्वारा एटीएम से यह रूपए निकाले गए थे। उसके कुछ दूरी पर एक बाईक से 3 युवक आए उसका बैग छीनकर ले गए। इस घटना में जब रणवीर सिंह ने उसका पीछा किया तो वह उसकी बाईक में टक्कर देकर भाग गए जिससे उनके हाथ में चोट आई है। यह बाईक सवार एक ही बाईक पर आए थे दो लोगों ने अपने मूंह पर कपडा बांध रखा था और एक बाईक पर बिना कपड़े बांधे बैठा था। घटना के बाद एसडीओपी विवेक शर्मा और कोतवाली से लेकर देहात थाने का स्टाफ मौके पर जांच पड़ताल करते हुए नजर आए। इस दौरान चैराहों पर लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी तक लूट की इस घटना के आरोपियों का पता नहीं चला है लेकिन पुलिस पूरे जिले में सक्रिय रूप से आरोपियों की तलाश में जुटी है।

#### अस्पताल में सामान चोरी की शिकायत के बाद आरोपी पकड़े

जिला अस्पताल अशोकनगर में तमाम तरह की सुरक्षा के बाद भी आरोपी सुरक्षा गार्डों को चकमा देकर भाग जाते हैं। यह आरोपी मरीज और उसके साथ आए परिजनों के साथ घटना कर भाग जाते हैं। इसी तरह की एक शिकायत कोतवाली पुलिस में की गई थी, जिसके बाद कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान द्वारा अस्पताल के सीसीटीव्ही फुटेज तलाशे गए जिसके बाद पर्चा बनवाने वाली भीड़ में एक युवक कतार में खड़े होकर मुंह छुपाते हुए देखा गया उसका एक साथी भी मौजूद था, जिसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर इनकी तलाश की गई जो अशोकनगर की शंकर कॉलोनी के रहने वाले हैं, जिसमें एक का नाम गोलू अहिरवार और दूसरे का नाम आशिक अहिरवार है यह अपराधिक प्रवृति के हैं, इनका रिकार्ड खंगाला जा रहा है। बताया गया है कि मंगलवार को ही एक शिकायत कर्ता ने शिकायत की थी कि उसके रूपए व सामान चोरी कर लिया गया है। इस शिकायत को एसपी के संज्ञान में लाया गया जिसके बाद टीआई कोतवाली द्वारा इन आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

---

## एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई-डीएफओ, ग्वालियर द्वारा चंदेरी में श्रीकुंज होटल, चंदेरी में एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन तथा जिला हथकरघा कार्यालय, चंदेरी के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन एमएसएमई के उप निदेशक राजीव कुमार के समग्र मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके निर्देशन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ पिप्पल, सहायक संचालक हथकरघा चंदेरी के. एन. गुप्ता, अध्यक्ष चंदेरी सिल्क क्लब अरुण सोमानी का विशेष सहयोग रहा। साथ ही निकुंज शर्मा, सहायक निदेशक का भी कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के पारंपरिक कारीगरों को बौद्धिक संपदा अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा आईपीआर की पंजीकरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर योजना के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा विभिन्न प्रकार के सम्पदा अधिकार की भूमिका के साथ एम एस एम ई की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आईपी आर मेले संबंधी विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही कार्यक्रम में राज्य तथा केन्द्रीय सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में चंदेरी जिले के 70 से अधिक कारीगरों एवं संभावित लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

---

## सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से अशोकनगर को जोडने की मांग तेज, बैठक में बनाई योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की रघुवंशी धर्मशाला में मंगलवार को ग्वालियर से नागपुर को बनाया जा रहे सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे जिसकी कुल अनुमानित लागत 40000 करोड रुपए है, से अशोकनगर जिला मुख्यालय को जोड़ने की मांग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह हाईवे ग्वालियर से नागपुर तक बनाया जा रहा है, लेकिन इसमें अशोकनगर को सीधे जोड़ने का उल्लेख नहीं होने से क्षेत्रवासियों में असंतोष देखा जा रहा है। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने एकजुट होकर इस मांग को लेकर निर्णायक रणनीति तैयार की। बैठक में पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मुद्दे के समर्थन में दिए गए समर्थन पत्रों के लिए आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से जोड़ना क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके अभाव में जिले की कनेक्टिविटी और आर्थिक प्रगति प्रभावित हो सकती है। बैठक में यह भी सामने आया कि 20 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए पत्र में अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस हाईवे से जोड़ने का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया था। इस पर चिंता जताते हुए उपस्थित लोगों ने सांसद से पुनः आग्रह किया कि वे अलग से एक विस्तृत मांग पत्र भेजकर अशोकनगर को ऐसे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ने की मांग को प्रमुखता से उठाएं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि,इस मांग को पूरा कराने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल जल्द तही भोपाल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेगा। साथ ही लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से भी मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो इस मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन, जनआंदोलन और दिल्ली तक भी जाना पड़े, तो पीछे नहीं हटेंगे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में सुधीर शर्मा, डॉ. योगेश मिश्रा, रितेश जैन, अभिषेक कुशवाह, रामस्वरूप, शिवहरे, राजकुमार लोधी, राजिद अहमद एवं सुनील रघुवंशी उपस्थित रहे।

---




### भूकम्परोधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अशोकनगर के तत्वावधान में आयोजित मध्यप्रदेश अर्थक्विक प्रिपेरेडनेस एंड कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में भूकम्परोधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर बृजबिहारी श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया उपस्थित रहे। कार्यशाला में आशीष ऋषिस्वर प्लाटून कमांडर एसडीआरएफ अशोकनगर द्वारा 250 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा एक्सरसाइज कराई गई। हताहत व्यक्तियों को किस प्रकार से प्राथमिक उपचार दिया जाना है एवं किस प्रकार स्टेबलाइज करके एक स्थान से सुरक्षित स्थान पर पहुंचना है का अभ्यास कराया गया।भूकंप के बारे में विषय संबंधी जानकारी एक्सीलेंस स्कूल के भूगोल विषय के अध्यापकों एवं प्रशिक्षक के द्वारा दी गई।

---

#### कलेक्टर और एसपी को की मामले की शिकायत

## बिना लोन की राशि प्रदान किए एक फायनेंस कंपनी ने बैंक खाते से लोन की किश्त निकाली

**अशोकनगर।** अशोकनगर में कैपरी ग्लोबल होम लोन फाइनेंस कंपनी का कार्यालय में एक उपभोक्त द्वारा होम लोन के लिए आवेदन किया गया था, जिसमें कंपनी द्वारा रचित कूटनीतिक दस्तावेजों के आधार पर इस लोन को कंपनी ने अपने सॉफ्टवेयर में कर दिया एवं प्रार्थी के प्लाट की रजिस्ट्री बिना बंधक किये अवैधानिक तरीके से कंपनी ने अपने पास रख लिया। न तो बैंक लोन दिया और ऊपर से लोन की दो किश्त भी दूसरे बैंक खाते से निकाल ली। जिसे लेकर शिकायत कर्ता द्वारा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के यहां कार्यवाही की मांग को लेकर लिखित आवेदन सौंपे गए हैं।

कंपनी के द्वारा दिनेश पुत्र भुवनेश दुवे के नाम पर 2253368/- रु का लोन किया गया था, दिनेश दुवे का कहना है कि उसे आज दिनांक तक वह राशि बैंक खाते में स्थानांतरित नहीं की गई है। बिना लोन दिए विगत दो माह से हर महीने उनके खाते से इसकी किश्त 11112/- रु एवं 43483/- रु काट ली गई है। इस संबंध में दिनेश दुवे का कहना है कि उनके द्वारा कंपनी कार्यालय में जाकर इस लोन को बंद कराने का आग्रह किया लेकिन कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों ने मुझसे 6000/- रु की मांग की। यह लोन पूर्णता मेरे साथ एक धोखा है, क्योंकि लोन राशि बिना प्राप्त किए मुझसे किश्त ली जा रही है, बिना बंधक किए कंपनी मेरी प्लॉट की रजिस्ट्री अपने पास रखे हुये हैं। इस लोन की प्रक्रिया मेरे द्वारा जनवरी माह में प्रारंभ की गई थी। लेकिन कंपनी के नीति-नियम से मै असहमत था इसलिये मेरे द्वारा दिनांक 02/02/2026 को एक लिखित आवेदन भारतीय डाक के माध्यम से कैपरी ग्लोबल कंपनी भेजा था कि इस



लोन को न किया जाए मैं कंपनी के चार्ज, किश्त की राशि और लोन समय अवधि से सहमत नहीं हूँ। इसलिए मैं इस लोन को बंद कराना चाहता हूं, इसके बाद भी कंपनी मेरे खाते से प्रत्येक माह की 05 तारीख को किश्त काट रही है। जब की इस लोन की राशि मेरे खाते में आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है।

ज्ञात हो कि इस तरह की फायनेंस कंपनियां लोन के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही हैं जबकि इस तरह की कंपनियों को लेकर शासन की ओर निर्देश भी समय समय पर दिए जाते हैं, लेकिन इसके बाद भी बिना प्रशासन की सहमति से चलने वाली इन कंपनियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिसे लेकर दिनेश दुवे ने कहा है कि कंपनी के कर्मचारी ने प्रार्थी व उसके पिता के 7 चेक (4 प्रार्थी के व 3 पिता के) हस्ताक्षर करा के लिए जिसमे उन्होंने उन चैक को कंपनी की प्रक्रिया का हिस्सा बताया। अतः मुझे यह भी संशय है की कंपनी कर्मचारी व उसके अधिकारी मेरे हस्ताक्षर किए चैक का गलत इस्तेमाल कर मेरे व मेरे पिता के खाते से कोई राशि आहरित न कर लें या मुझे किसी झूठे केस मे न फसा दें।

---

## अतिथि शिक्षकों ने गरेंठी के प्रभारी प्राचार्य पर लगाए अनियमित्ताओं के आरोप

**पिपरई।** गरेंठी अतिथि शिक्षको ने लगाएं प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद मुबारक खान के ऊपर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। हमारे पास न तो स्कूल की चाबी थी। अन्य व्यवस्था की जिससे कि हम स्कूल के अंदर बैठ सके। आए दिन प्रभारी प्राचार्य हमकों को परेशान करते हैं एवं कहते हैं कि मैं तुम लोगों को यहां से भगा दूंगा अगर तुम लोगों ने मेरी बात नहीं मानी तो ऐसी धमकी देते है। प्रभारी प्राचार्य मिड डे मिल का जो बच्चों के लिए खाना बनता है उसमें से मैं रोज भोजन करते हैं। सतभान सिंह आरती शर्मा रजिया बी रुचि शर्मा एवं समस्त स्टाफ गरेटी मौजूद थे लेकिन प्राचार्य अनुपस्थित थे। इस विषय पर प्राचार्य से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यह सब झूठ आरोप लगा रहे हैं ऐसी कोई बात नहीं है मैं अभी पूर्व में इन लोगों के ऊपर कार्रवाई की थी यह लोग समय से स्कूल नहीं आते थे इसलिए यह ऐसा कर रहे हैं। मैं समय से स्कूल पहुंच जाता हूं एवं यही लोग मुझे परेशान करते हैं।



---

## पक्षियों को जलपात्र टांगने के लिए हो रही हैं तैयारियां

**अशोकनगर।** गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल पात्र रखने की मुहिम शुरू की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर के सिटी कोतवाली के अलावा विभिन्न संगठनों के माध्यम से अन्य जगहों पर भी यह जल पात्र लगाए जा रहे हैं। गौ सेवक सोनू जैन, पक्षी जल पात्र निशुल्क उपलब्ध 973 सहयोगी जन, गौरव जैन टिंकू ऑयल मिल, शालू भारत ऋचा जैन, यीशु कासल, नरेश जैन वकील ने इस मुहिम को शुरू किया। जिससे गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध हो पाए। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक गर्मी के मौसम में घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पक्षियों के लिए पानी जरूर रखें, ताकि उन बेजुबान पक्षियों को भी पीने का पानी मिल सके। जो गर्मी और प्यास से बेहाल हो रहे हैं। यह सबका नैतिक दायित्व भी है।



---

## जिला जेल में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, सचिव, न्यायाधीश मनीष अनुरागी, न्यायाधीश प्रिया चैहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं अस्सिटेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल देवेन्द्र सिंह दांगी की उपस्थिति में मंगलवार को जिला जेल अशोकनगर में विधिक सक्षारता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया।

शिविर के दौरान सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया। इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं एवं नालसा का टोल-फ्री हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी दी।

---

#### बैजू बावरा संगीत समारोह का अंतिम दिन शास्त्रीय गायन के नाम रहा

# कलाकारों ने सुरों के संगीत से महफिल सजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित 3 दिवसीय बैजू बावरा संगीत समारोह का अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या की पहली सभा शास्त्रीय गायन के नाम रही। भोपाल के उल्हास तेलंग ने अपनी सुदीर्घ साधना से चंदेरी की हवाओं में सुरों की मिठास घोल दी।

उन्होंने अपनी प्रस्तुति के लिए मधुर एवं सुन्दर राग मारू बिहाग का चयन किया। उन्होंने बड़ा एवं छोटा खयाल के साथ राग के सौंदर्य को सुधिजनों तक पहुंचाया। बड़ा खयाल की बंदिश एक ताल विलंबित में पिया मोरा रे मानत नाहीं.. एवं छोटा खयाल की बंदिश तीन ताल में तरपत रैन बिना...प्रस्तुत की। अंत में उन्होंने बनारसी अंग की होरी रंग डारूंगी डारूंगी रंग डारूंगी...से फाग के आनन्द एवं उल्लास को सुरीले अंदाज में सुधिजनों तक पहुंचाया। उनके साथ हारमोनियम संगत इंदौर के रवि किल्लेदार एवं तबला संगत पर ग्वालियर के विकास विपट थे।



अगले क्रम में अवसर पर था सारंगी के सुमधुर सुरों के आस्वादन का, जिसे सुधिजनों तक पहुंचाने मंच पर नमूदार हुये सुविख्यात सारंगी वादक फारुख लतीफ खां। विश्वविख्यात सारंगी वादक पद्मश्री उस्ताद लतीफ खां के सुपुत्र फारूख लतीफ खां संगीत के सबसे प्राचीन ग्वालियर घराने से सम्बन्ध रखते हैं। उनके वादन की गहराई एवं गंभीरता उनकी सुदीर्घ साधना एवं पुरखों की परम्परा को स्पष्ट दर्शाती है। फारूख लतीफ खां ने अपनी प्रस्तुति के लिए मधुर और भक्तिमय राग सरस्वती का चयन किया। इसमें उन्होंने विलंबित गत एक ताल एवं द्रुत में दो बंदिशों का वादन किया। अंत में मिश्र पीलू के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ तबले पर मनोज पाटीदार ने सधी हुई संगत दी।

अगली प्रस्तुति शिप्रा सुल्लेरे, जबलपुर के गायन की थी। उन्होंने प्रस्तुति के लिए राग बागेश्री का चयन किया। रात्रिकालीन का यह सुमधुर राग जब शिप्रा की सुरीली गायिकी के साथ गूंजा तो उपस्थित सुधिजन संगीत के रस में डूब गये। उन्होंने बड़ा खयाल में सखी मन लागे न मोरा.. एवं छोटा खयाल बलमा मोरे तीरे संग लागी प्रीत.. के साथ प्रेम के सौंदर्य से समां बांधा। अंत में उन्होंने भजन मन में बसा लें.. से भक्ति रस प्रवाहित करते हुए प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ हारमोनियम पर विवेक जैन एवं तबले पर मनीष बरकड़े ने संगत दी।

अंतिम दिवस की चैथी प्रस्तुति कथक नृत्य की थी, जिसे आरती श्रीवास्तव, दिल्ली ने प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति श्रीकृष्ण केनद्रित थी, जिसमें उन्होंने आकर्षक एवं सुंदर ढंग से प्रसंगों को प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रस्तुति का आरंभ अष्टपदी के साथ किया। राधाकृष्ण की प्रेम लीलाओं के मधुरम वर्णन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति में उनके साथ सुश्री राधिका वशिष्ट, प्रियंका वेद एवं सुश्री साक्षी झा ने नृत्य किया। अगली प्रस्तुति शुद्ध नृत्य की थी, जिसमें उन्होंने तकनीकी पक्ष का प्रदर्शन बखूबी किया। यह प्रस्तुति तीन ताल में थी, जिसका समापन पूतना वध प्रसंग के साथ किया गया। इसके बाद छेड़छाड़ का गत भाव राग कलावती में निबद्ध ठुमरी मोहे छेड़ो न में दिखाया, जिसमें कृष्ण द्वारा राधा को छेड़ने के दृश्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में उन्होंने राग मालकौंस में तराना प्रस्तुत किया।

### राजगढ़ स्वास्थ्य विभाग का मामला, सभी झाड़ रहे अपनी जिम्मेदारियों से पलड़ा

# बगैर उपस्थिति पत्रक 8 महीने निकलती रही मृतिका कर्मचारी की सैलरी

**शिकायत के बाद ज्वाइंट डायरेक्टर नीरा चौधरी भोपाल ले गईं पूरा रिकार्ड**





सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की जान के साथ अक्सर हो रहे खिलवाड़ के बाद अब एक गैर-जिम्मेदारापूर्ण वित्तीय अनियमिता का मामला सामने आया है। दरअसल, सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ एकाउन्टेंट एक महिला कर्मचारी की मृत्यु के आठ महीनों तक उसकी (मृतिका) की तनख्वाह खाते में हस्तांतरित करते रहे।

इस पूरे गड़बड़झाले में बड़ी बात यह है कि संबंधित मृतिका कर्मचारी की बगैर उपस्थिति पत्रक के खाते में सैलरी डलती रही। पिछले दिनों इस संबंध में भोपाल में हुई शिकायत के बाद जिले में आईं विभाग की संयुक्त संचालक (जेडी) डॉ. नीरा चौधरी पूरा रिकार्ड अपने साथ लेकर गई हैं। बताया जा रहा है कि भोपाल स्तर पर इस मामले में बड़ी जांच चल रही है और सीधे-सीधे वित्तीय अनियमिता के इस मामले में दोषियों पर गाज गिर सकती है।

## क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबला में सुमित्राबाई नाम की महिला कर्मचारी कंटन्जेंसी के पद पर पदस्थ थीं। पदस्थी के दौरान 20 जनवरी 2025 को सुमित्राबाई की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरान्त ढाबला मेडिकल ऑफिसर ने 3 फरवरी 2025 को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर नरसिंहगढ़ को लिखित में इस बात की सूचना पहुंचा दी। नरसिंहगढ़ बीएमओ के अनुसार उक्त सूचना को राजगढ़ सीएमएचओ कार्यालय को पहुंचा दिया गया और मृत्यु उपरान्त सुमित्राबाई का उपस्थिति पत्रक राजगढ़ नहीं भेजा गया। इसके बावजूद सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन एकाउन्टेंट रामगोपाल नरेड़ा, वर्तमान में पदस्थ


GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH
DEPARTMENT OF PLANNING, ECONOMICS & STATISTICS
GRAMA PANCHAYAT DHABLA
DEATH CERTIFICATE
NAME OF DECEASED: SUMITRA BAI
SEX: FEMALE
DATE OF DEATH: 20-01-2025
AGE OF DECEASED: 52 YEARS 19 DAYS
PLACE OF DEATH: DHABLA, NARSINGHGARH, RAJGARH, MADHYA PRADESH, 465685
ADDRESS OF THE DECEASED AT THE TIME OF DEATH: DHABLA, NARSINGHGARH, RAJGARH, MADHYA PRADESH, 465685
DATE OF REGISTRATION: 04-07-2025
SIGNATURE OF ISSUING AUTHORITY
ENSURE REGISTRATION OF EVERY BIRTH AND DEATH

लेखापाल पारीख द्वारा बगैर सुमित्राबाई की उपस्थिति पत्रक के उनकी तनख्वाह मृत्यु होने के बाद आठ महीनों तक सुमित्राबाई के खाते में डलवाई जाती रही।

## शुरू में दबा दिया मामला पर भोपाल पहुंची शिकायत

विभाग के जिम्मेदारों ने शुरूआत में इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश की लेकिन शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाली इस घोर लापरवाही की शिकायत भोपाल हुई। शिकायत के बाद विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. नीरा चौधरी विगत दिनों राजगढ़ पहुंचीं और प्रकरण से जुड़े समस्त रिकार्ड अपने साथ लेकर गई हैं।

## मृत्यु के बाद खाते में पहुंचाए लगभग सवा लाख

सुमित्राबाई की मृत्यु के उपरान्त बगैर उपस्थिति पत्रक के आगामी आठ महीनों तक 14 हजार 844 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से अगले आठ महीनों तक उनके खाते में सवा लाख रुपए हस्तांतरित किए गए।

### उपस्थिति नहीं भिजवाई

सुमित्राबाई की मृत्यु के उपरान्त हमने राजगढ़ सीएमएचओ ऑफिस तक उनकी किसी तरह की कोई उपस्थिति नहीं भिजवाई।
**डॉ. राजेंद्र अहिरवार,**
बीएमओ, नरसिंहगढ़

### सूचना नहीं मिल पाई

कंटन्जेंसी की कर्मचारी थी इसलिए मैंने बगैर उपस्थिति पत्रक के उनकी तनख्वाह निकाल दी। मृत्यु की सूचना नहीं मिल पाई थी।
**- रामगोपाल नरेड़ा,**
**तत्कालीन लेखापाल,**
**सीएमएचओ कार्यालय,**
**राजगढ़**

मैं आपको इस संबंध में एक घंटे बाद ही कुछ बता पाऊंगी। बाद में इन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।
**- डॉ. शोभा पटेल,**
सीएमएचओ, राजगढ़

### इनका कहना है

कार्यवाही के संबंध में आप राजगढ़ सीएमएचओ से इस बारे में बात कर लीजिए। मैं अभी एक मीटिंग में हूं।
**- डॉ. नीरा चौधरी,**
संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य विभाग, भोपाल

### पुरा क्षेत्र से खिलचीपुर नाके जाने वाली रोड का मामला

# धंसाव से मिस एलाइनमेंट हुई सड़क, हादसों की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय पुराने बस स्टैंड से शुरू होकर कान्वेंट स्कूल के ठीक ऊपर से खिलचीपुर नाके तरफ जाने वाला मार्ग मिट्टी के धंसाव से मिस एलाइनमेंट हो चुका है। सड़क के मिस एलाइनमेंट होने से यहां दुर्घटनाओं की आंशका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि चूंकि यह ढलान वाली सड़क है ऐसे में कभी भी कोई दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रबंधन से मांग की है कि उक्त मिस एलाइनमेंट हुई सड़क की रिपेयरिंग करवाई जाए ताकि संभावित हादसों के होने के पूर्व ही उनसे बचा जा सके।

## रात्रि के समय दुर्घटना का ज्यादा खतरा

दिन के साथ ही रात के समय उक्त ढलान वाले मार्ग पर दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावना बनी हुई है। खिलचीपुर नाके तरफ से तेज रफ्तार में आने वाले बाइक चालक यहां असंतुलित होकर घायल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता था जिसे अब नगर पालिका ने अपने हैंडओवर ले लिया है।



## इंका कार्यालय के सामने भी यही स्थिति

शहर के उक्त आंतरिक मार्ग के अलावा बाईपास पर कांग्रेस कार्यालय के सामने भी इसी तरह के हाल बने हुए हैं। यहां पर भी हाईवे की सड़क का एक हिस्सा ऊपर तो दूसरा नीचे हो चुका है।

# विभिन्न पेंशन भुगतानों के लिए शासन को लिखा पत्र

## सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई आवाज

**जीरापुर।** दिव्यांग, वृद्धावृस्था, कल्याणी सहित अन्य पेंशन भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं से पात्रजन खासे परेशान हैं। तकनीकी समस्याओं के कारण पेंशन के हकदार पेंशनधारी दर दर को भटकने पर मजबूर हैं। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाशचंद्र पुरोहित ने भोपाल के उच्चाधिकारियों एवं जिला प्रशाासन के जिम्मेदारों को पत्र लिखकर समस्या के निराकरण की मांग की है। पात्रजनों की पेशनों के भुगतान में आ रही यह समस्या 10 दिनों में हल न होने पर न्यायालय की शरण लेने का उल्लेख पत्र में किया गया है। पुरोहित ने बताया कि जनपद पंचायत जीरापुर अंतर्गत 402 हितग्राही एवं पूरे मध्य प्रदेश में ऐसे हजारों हितग्राही है जिनकी ईकेवाईसी नहीं होने से पेंशन होल्ड पर रख दी गई है जबकि शासन के नियमानुसार उन पेंशन धारियों का भौतिक सत्यापन हो चुका है। पुरोहित की माने तो जुलाई एवं अगस्त 2025 से अनेकों पात्रजनों की पेंशन जमा नहीं हुई है और वे बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

# खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी से चढ़ावा राशि चोरी, चोर सीसीटीवी में कैद

## इस मंदिर में 10 माह में चोरी की दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी से राशि चुराने का मामला सामने आया है। मंगलवार तड़के एक अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर की सीसीटीवी कैमरों में संबंधित चोर स्पष्ट रूप से दानपटी से राशि चुराता नजर आ रहा है लेकिन उसके मुंह पर नकाब बंधा होने से फिलहाल तक उसकी कोई पहचान नहीं हो पाई है। मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा जब मंगलवार सुबह पूजा के लिए पहुंचे तब चोरी की बात मालूम हो पाई जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई। उल्लेखनीय कि इसी खोयरी महादेव मंदिर में गत 07 जून 2025 को भी अज्ञात चोर ने दानपेटी के ताले तोड़े थे। वारदात के समय मंदिर परिसर सुनसान था और वहां कोई चौकीदार नहीं था।

## मंदिर में रखी गेती, पत्थरों से तोला ताड़ा

जिस बदमाश ने इस घटना को अंजाम दिया है उसने मंदिर में ही रखी गेती (लोहे का औजार), पत्थरों से दानपेटी का ताला तोड़ा। इसके उपरान्त पेटी में रखी पूरी चढ़ावा राशि निकाली और मौके से फरार हो गया।



हालांकि, इस घटना ने पुलिस प्रशासन के साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं कि आखिर मंदिर में चौकीदार क्यों नहीं था और लगातार हो रही चोरियों के बाद भी यहां स्थाई सुरक्षा गार्ड की तैनाती क्यों नहीं करवाई जा रही है। इस बारे में ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय का कहना है कि मंदिर समिति के पास इतनी राशि नहीं है कि स्थाई गार्ड को तनख्वाह दी जा सके।

# खुद को भोपाल का अधिकारी बता 10वीं की छात्रा को धमकाया

## पीड़िता छात्रा ने परिजनों के साथ थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

जिले के खुजनेर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में अपने को भोपाल का अधिकारी बताकर कक्षा 10वीं की एक छात्रा से अवैध रूप से रुपयों की मांग का मामला सामने आया है। छात्रा ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर लिखित में इस बात की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यह है पूरा मामला?

पीड़िता छात्रा के पिता ने खुजनेर थाने में आवेदन देकर बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे बेटी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने रौब झाड़ते हुए खुद को भोपाल का उच्चाधिकारी बताया। उसने छात्रा पर दबाव बनाते हुए कहा कि मेरे खाते में पैसे ट्रांसफर करो नहीं तो तुम्हारी फोटो टीवी पर चलवाकर बदनाम कर दूंगा। आरोपी यहीं नहीं रुका। उसने छात्रा को पुलिस केस और करियर बर्बाद करने जैसी धमकियां भी दीं। पीड़ित परिवार ने आवेदन के साथ संबंधित मोबाइल नंबर भी पुलिस को सौंपे हैं।

## साइबर ठगी की आशंका

प्रारंभिक दृष्टि से यह मामला डिजिटल अरेस्ट या ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के जरिए ठगी करने वाले गिरोह से जुड़ा लग रहा है। साइबर अपराधी अक्सर इसी तरह सरकारी अधिकारी बनकर या अश्लील वीडियो, फोटो का डर दिखाकर लोगों से रकम वसूलते हैं। थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आमजनता से अपील की है कि यदि कोई आपको डराता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### जिले में पहला विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने ब्यावरा में निकाली गैस सिलेंडरों की अंतिम यात्रा

**ब्यावरा।** घरेलू गैस की किल्लत एवं लगातार बढ़ते गैस के दामों के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस ब्यावरा गैस सिलेंडरों की अर्थी निकाल गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीपल चौराहा एवं शहर के मुख्य बाजार मार्गों से जनाक्रोश रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी करार देते हुए राम नाम सत्य है जेसी बातें भी कही। सिलेंडर की अर्थी की शुरुआत में शहर के सुभाष चौक में नाली में पाइप डालकर चूल्हा चालू करने का प्रयास भी किया गया। धरना एवं रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस की कीमतों ने आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। साथ ही गैस की किल्लत से लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, चेनसिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, विष्णुदेव शास्त्री, पप्पु बना जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, गंगा चौहान, पार्षद




कैलाश कुशवाह, महेंद्र सिलावट, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर बना, राजू वर्मा, राजा, जीतू महावर, फूलसिंह वर्मा, जगदीश सेन, संजय बंसल, मंडलम अध्यक्ष आदित्य भार्गव, महेश्वर सिंह बना, दाऊद बोहरा, राजेंद्र खत्री, राहुल जाटव, गिरराज गुर्जर ईश्वर गुर्जर कमलेश विश्वकर्मा रामनारायण भारती, राधेश्याम धनगर, कल्याण तोमर, घनश्याम पराशर, विकास गुप्ता, अमीरुद्दीन सेफी, चंदन गोस्वामी, अभिषेक चौहान, लखन पुष्पद, दिलीप बना, हर्षित दांगी, अनिमेष दांगी,बंटी सोंधीया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानसिक अस्वस्थ बालक का रेस्क्यू, परिजनों से मिलवाया

### *लगातार प्रयासों से पुलिस टीम को सफलता मिली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में भटक रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ एक बालक को सारंगपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार गत दिनों रात करीब 8 बजे बस स्टैंड पर एक बालक हाथ में सामान लिए




अकेला घूमता हुआ मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वह अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाया, जिससे चलते उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का अंदेशा हुआ।

बालक को थाने लाकर स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। अगले दिन संबंधित बालक को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के संरक्षण में सौंपा गया। वहीं पुलिस टीम ने बालक की जानकारी और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सांझा करते करते हुए उनकी जानकारी जुटाना शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 17 मार्च को पुलिस टीम को सफलता मिली और बालक के माता-पिता का पता चल गया। इसके बाद बालक को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के नेतृत्व में आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, प्र. आरक्षक इरफान उल्ला खान, विकास यादव, धर्मेन्द्र जायसवाल, नरेन्द्र धाकड़ एवं कैलाश लोधी का विशेष योगदान रहा।

# एआई एप से बढ़ रहा ठगी का खतरा युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ इंटरनेट पर तथाकथित एआई गर्लफ्रेंड, बॉयफ्रेंड और वर्चुअल रिश्ते बनाने वाली एप का चलन तेजी से बढ़ रहा है। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ये ऐप्स लोगों के अकेलेपन और भावनाओं का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाती हैं। शुरुआत में मुफ्त चैट और दोस्ती का प्रस्ताव दिया जाता है, फिर धीरे-धीरे भावनात्मक जुड़ाव बनाकर वीडियो कॉल या प्रीमियम फीचर के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं। कई मामलों में यूजर्स से निजी फोटो या संवेदनशील जानकारी भी मांगी जाती है, जिसका बाद में ब्लैकमेलिंग या साइबर ठगी में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### अभाविप का साप्ताहिक सकोरा अभियान

# पक्षियों की प्यास बुझाने अनेक स्थानों पर बांध रहे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय की अभाविप ईकाई द्वारा सकोरे अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे बांधे गए ताकि भीषण गर्मी में बेजुबानों को प्यास से न मरना पड़े। इस अवसर पर प्राचार्य ममता खोइया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की यह पहल सरानीय है। न केवल महाविद्यालय बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में भी सकोरे लगाने चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी विद्यार्थी अपने-




अपने घरों एवं आसपास के स्थानों पर सकोरे रखें और उनमें प्रतिदिन पानी भरकर पक्षियों के जीवन संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में जल के अभाव में कई पक्षियों की जान चली जाती है, ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह अभियान न केवल सेवा का कार्य है, बल्कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में अभाविप तहसील संयोजक तुषार चौहान, महाविद्यालय अध्यक्ष गोविंद कुम्भकार, लोकेश मालवीय, विजय मालवीय सहित अन्य उपस्थित थे।

# सूर्यदेव को अर्ध्य देकर करेंगे नेवज मैया की आरती

**राजगढ़।** हिन्दू नवसंत्सर 2083 के शुभारंभ एवं गुड़ी पड़वां के अवसर पर कल नगर की जीवनदायिनी नेवज मैया की महाआरती की जाएगी। नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में लगातार 16वें वर्ष किए जाने वाले इस आयोजन के तहत प्रातः 6 बजकर 21 मिनट पर सूर्य की पहली किरण के साथ भगवान भास्कर को अर्ध्य देकर शंख, घटियों, ढोल-ढमाकों, आतिशबाजी के साथ नेवज मैया की महाआरती की जाएगी। आयोजन समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कार्यक्रम के तहत सभी उपस्थित जनों को वर्षभर निरोगी रहने नीम, मिश्री, कालीमिर्च का प्रसाद वितरित करवाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने आधिकाधिक नागरिक गणों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का आगृह किया है।

### कई शिकायतों का मौके पर ही करवाया निराकरण

# जनसुवाई में लगाई पेंशन, नामांतरण, पीएम आवास की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। जनसुनवाई में पेंशन, नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति सहित अन्य समस्याओं के 65 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण करवा दिया गया।

ग्राम किशनगढ़ निवासी दिलीप पुष्पद ने बताया कि उनकेघर के सामने नाली का पानी जमा होने से काफी परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम मलारगढ निवासी मानसिंह वर्मा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जीरापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम अरन्या निवासी बालचंद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हो गई है लेकिन प्रथम किश्त के बाद दूसरी किश्त के लिए वे परेशान हो रहे हैं। इस पर सीईओ जनपद सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।



ग्राम लक्ष्मभणपुरा निवासी सौराम ने बताया कि 6 माह से वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आवेदक को पूर्व में वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था। ग्राम चारपुरा निवासी बनेसिंह ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्माशन निधि योजना का लाभ मिल रहा था परन्तु किसी कारणवश अब निधि खाते में नहीं आ रही है। सभी मामलों का निराकरण करवाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, एडीएम प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।